भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1745
10 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

केरल में मुथलापोझी फिशिंग हार्बर

1745. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मुथलापोझी फिशिंग हार्बर की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नवंबर, 2024 में केंद्र सरकार द्वारा केरल में 177 करोड़ रुपये की राशि के साथ स्वीकृत की गई परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) जारी की गई, उपयोग की गई निधियों और अब तक के कार्यों की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने अनुमोदित परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब का संज्ञान लिया है जबकि सरकार ने अनुमोदित परियोजना के कार्यान्वयन के लिए अठारह माह की समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) क्या सरकार इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए बिना किसी और विलम्ब के तत्काल कदम उठाएगी?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) : मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने 01 नवंबर, 2024 को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) के तहत 106.20 करोड़ रुपए की केंद्रीय शेयर के साथ 177 करोड़ की अनुमानित लागत पर केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में मुथालपोझी फिशिंग हार्बर के विस्तार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। यह परियोजना केरल राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

(ख): वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, वित्त मंत्रालय के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार मदर सैंक्शन के रूप में 100 करोड़ रुपए की केंद्रीय राशि केरल राज्य सरकार को PMMSY के तहत अनुमोदित विभिन्न घटकों/गतिविधियों, जिसमें मुथलप्पोझी फिशिंग हार्बर परियोजना भी शामिल है के लिए जारी की गई है। केरल राज्य सरकार ने इस परियोजना में 8.23 करोड़ रुपए की राशि के उपयोग की सूचना दी है। इसके साथ वास्तविक प्रगति 7.7% बताई गई है।

(ग) और (घ): केरल राज्य सरकार ने निविदा को अंतिम रूप देने तथा अन्य पूर्व-निर्माण गतिविधियों में हुई देरी की जानकारी दी है तथा यह भी बताया है कि एजेंसी के साथ 15.05.2025 को करार किया गया और 25.05.2025 को कार्य प्रारंभ किया गया। केरल राज्य सरकार के अनुसार, कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि 24.11.2026 है।

*****